तापमान
अधिकतम 28.0 डिग्री
न्यूनतम 23.0 डिग्री

हरिभूमि
# मध्यांचल भूमि
रायपुर, गुरुवार, 18 जुलाई 2024



11 बाढ़ के कारण अन्य प्रांतों से सब्जियों की आवक घटी...





12 अर्जुनी में सरकारी भूमि पर अवैध कब्जे की...






## खबर संक्षेप

### न्यायिक जांच आयोग अध्यक्ष सीबी बाजपेयी आज आयेंगे

**बलौदाबाजार।** राज्य शासन द्वारा 15 व 16 मई की रात ग्राम महकोनी, अमरगुफा में स्थित जैतखाम को क्षतिग्रस्त किये जाने की घटना की जांच हेतु एकल सदस्यीय न्यायिक जांच आयोग का गठन किया गया है, जिसके अध्यक्ष सेवानिवृत्त न्यायाधीश सीबी बाजपेयी का गुरुवार को बलौदाबाजार आगमन प्रस्तावित है। जिसके अनुसार प्रातः 9 बजे वह बिलासपुर से प्रस्थान कर सर्किट हाऊस बलौदाबाजार आगमन, तत्पश्चात गिरौदपुरी एवं घटना स्थल ग्राम महकोनी आगमन होते हुए बिलासपुर के लिए वापस होंगे।

### मोहर्रम पर आसुरा की नमाज अता की गई



**पलारी।** मोहर्रम के मुकद्दस मौके पर मुस्लिम जमात द्वारा आम लंगर का एहतमाम किया गया, जहां जमात के लोगों सहित अन्य समाज के लोगों ने शिरकत की। मोहर्रम के मौके पर 1 बजे बरकाती मस्जिद पलारी में मुस्लिम जमात द्वारा आसुरे की नमाज अता कर देश-प्रदेश नगर में अमन चैन की दुआ मांगी गई। नमाज मौलाना अनवर बेग द्वारा पढ़ाई गई। इस अवसर पर मुस्लिम जमात के लोग भारी संख्या में शामिल हुए। दो दिनों तक महिलाओं द्वारा तकरीर का आयोजन किया गया। जहां आलिमा अफसाना बानो द्वारा करबला के मैदान में शहीद हुए इमाम हुसैन के बारे में विस्तार से जिक्र किया। यंग कमेटी के युवकों द्वारा शरबत और हलवा का आम लंगर का इंतजाम किया गया, जहां हजारों लोगों ने हिस्सा लिया। इस अवसर पर मुस्लिम जमात के लोगों ने शिरकत की।

### जीतेन्द्र बने विधायक प्रतिनिधि

**भाटापारा।** विधानसभा क्षेत्रान्तर्गत कृषि उपज मंडी में



जनहित एवं सार्वजनिक कार्यों के संपादन व आम नागरिकों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए जितेंद्र शर्मा, नयापारा वार्ड, भाटापारा निवासी को भाटापारा विधायक इन्द्र साव द्वारा अपना प्रतिनिधि नियुक्त किया गया है। इस नियुक्ति पर भाटापारा नगर सहित ग्रामीण क्षेत्रों में भी अनेक कार्यकर्ताओं द्वारा हर्ष व्यक्त किया जा रहा है।

### बिजली बिल में वृद्धि का विरोध

**संडीबंगला।** कांग्रेस सदस्य डॉ. बिसेसर वर्मा ने प्रदेश सरकार पर



आरोप लगाते हुए कहा कि छत्तीसगढ़ में भाजपा की सरकार बनते ही आम जनमानस के जनजीवन से जुड़ी सुविधाओं के लिए दो चार होना पड़ रहा है। आए दिन अघोषित बिजली कटौती से आम जनता परेशान है। सरकार ने बिजली बिल में बेतहाशा वृद्धि कर आम जनता पर बोझ बढ़ा दी है। पूर्ववर्ती सरकार द्वारा बिजली बिल हाफ योजना से जनता बड़ी राहत महसूस कर रही थी। अघोषित बिजली कटौती से रात के अंधेरे में सांप बिच्छू काटने का भय बना रहता हैं। साथ ही उमस भरी गर्मी भी लोगों को बेचौन कर रही हैं। बिजली कटौती से आम जनता में आक्रोश है, जो कभी भी आंदोलन का स्वरूप ले सकती हैं।

# देवशयनी एकादशी के प्रारंभ में निकाली भगवान विष्णु की पालकी यात्रा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भाटापारा

देवशयनी एकादशी पर्व पर रामसप्ताह चौक जगन्नाथ मंदिर से नगर भ्रमण करते हुए भगवान श्री हरि विष्णु की पालकी यात्रा निकाली गई। बाजे गाजे के साथ भक्तों के कंधों पर सवार होकर जयकारे के साथ पालकी महाकाल मंदिर नगर पालिका पहुंची, जहां महाकाल बाबा की और श्री हरि विष्णु की पूजा एवं महाआरती व प्रसादी वितरण कर दोनों भगवान के बातचीत-चर्चा करने के लिए भगवान को नवीन कपड़े से ढका गया। प्राचीन धर्म ग्रंथों व पुराणों के अनुसार देवशयनी एकादशी पर्व पर भगवान श्रीहरि विष्णु अपना जगत संचालन का कार्यभार भगवान शंकर को सौंपते है, जिसके बाद भगवान विष्णु चातुर्मास के लिए विश्राम में चले जाते हैं। जिसकी परंपरा निर्वहन करते हुए भगवान विष्णु की पालकी यात्रा निकाल महाकाल भगवान शंकर से मिलन करवाया गया। लटूरिया जग्गनाथ मंदिर से भगवान की पालकी यात्रा में भाटापारा भक्तजनों ने डुबकी लगाई और भगवान विष्णु और भगवान शंकर के मिलाप का अदभुत दृश्य भक्तों का मन मोह लिया। जग्गनाथ मंदिर के पुजारी जगदीश वैष्णव और महाकाल मंदिर के पुजारी राजेश यादव ने भगवान महाकाल और विष्णु भगवान की पूजा अर्चना व महाआरती जोरशोर एवं भव्य रूप में किया।

## 12 नवंबर से देवउठनी एकादशी मनायी जाएगी



### 117 दिनों के लिए योग निद्रा में चले जाएंगे भगवान विष्णु



**खरोरा।** बुधवार को देवशयनी एकादशी पर धर्म नगरी समेत त ग्रामीण अंचलों में बड़ी संख्या में भगवान सत्यनारायण की कथा, भगवान विष्णु का पूजन, आरती, भजन संध्या, रामायण जैसे अनेक धार्मिक कार्यक्रम हुए। इस एकादशी के साथ ही मांगलिक कार्यों पर ब्रेक लग गया हैं। इस बार 17 जुलाई को देवशयनी एकादशी है। जुलाई के 14 दिन, अगस्त 31 दिन, सितंबर 30 दिन, अक्टूबर 31 दिन तथा नवंबर में 12 तारीख तक दिन मंगलवार को देवउठनी एकादशी के साथ ही भगवान विष्णु जागेंगे। अर्थात कुल 117 दिन योग निद्रा में रहेंगे। उसके बाद 118 वें दिन पुनः जाग जाएंगे। देव सैनी एकादशी को पद्मा एकादशी, आषाढी एकादशी और हरिशयनी एकादशी के नाम से भी जाना जाता है। यह एकादशी की शुरुआत 16 जुलाई को रात 8.33 से प्रारंभ हुई और 17 जुलाई को

▶▶ शेष पेज 11 पर

## अपराध : इससे पूर्व कई पुलिस कर्मियों के वाहनों की हो चुकी है चोरी

# एसआई के घर पर खड़ी कार को लगाई आग, बदमाशों की तलाश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बलौदाबाजार



जिला में अपराधी एवं असामाजिक तत्वों के खिलाफ रोजाना पुलिस द्वारा कार्रवाई जारी रखने के बावजूद बदमाशों में पुलिस का खौफ नजर नहीं आ रहा है। जिले में चोरी, लुटपाट, चाकुबाजी जैसी घटनाएं लगातार जारी रहने के अलावा अपराधियों के हौसले इतने बुलंद होते जा रहे हैं कि पुलिस वालों को भी नहीं बख्स रहे हैं। मंगलवार रात घटित ताजा घटनाक्रम के अनुसार अज्ञात लोगों द्वारा जिले के निपनिया पुलिस चौकी प्रभारी उपनिरीक्षक किशुन कुम्भकार के घर के सामने खड़ी उनकी कार को आग के हवाले कर दिया। कार में लगाई आग पर काबू पाने बलौदाबाजार से अग्निशमन वाहन के पहुंचने तक कार जलकर खाक हो गई थी। इस घटना के पूर्व भी बलौदाबाजार के पुलिस लाइन में पदस्थ जगमोहन कोसले ने चार जुलाई को प्राथमिकी दर्ज कराते हुए बताया गया था कि घटना दिनांक को वह रिसदा रोड लोहिया नगर मजिस्द के सामने आटो स्टैण्ड में अपनी मोटर सायकिल पल्सर सीजी 22 जेड 7159 को खड़ी किया था। जहां से अज्ञात चोरों द्वारा उनक मोटर सायकिल को पार कर दिया है। इसी तरह नौ जुलाई को पुलिस लाइन में पदस्थ महिला आरक्षक सत्य पैकरा ने भी सिटी कोतवाली थाना में प्राथमिकी दर्ज कराते हुए बताया था कि घटना दिवस को वह दोपहर अपनी एक्टिवा दुपहिया वाहन सीजी 22 जेड 7052 को नगरपालिका कार्यालय के समीप अपने किराये के मकान के सामने खड़ी की थी, किंतु कुछ समय पश्चात वहां से एक्टिवा को अज्ञात चोरों द्वारा चोरी कर ली गई है। एक अन्य घटना के अनुसार कुछ ही दिन पहले आबकारी उपनिरीक्षक जलेश सिंह को उन्हीं के ऑफिस में घुसकर एक बदमाश द्वारा धमकी, गाली गलौज व झूमाझटकी कर दिन दहाड़े सरकारी कार्य में बाधा उत्पन्न किया था। इस केस में पुलिस ने बदमाश को हिरासत में लेकर जुलूस भी निकाला था।

### अपराध थमने का नाम नहीं ले रहा

जिले में लगातार अपराधियों व असामाजिक तत्वों के खिलाफ अभियान जारी रहने के बावजूद अपराध नहीं थमना पुलिस के लिए सिरदर्द बनता जा रहा है। 10 जून की घटना से पहले ही जिले की कानून व्यवस्था को लेकर बड़ा सवाल उठ खड़ा हुआ है। जिले में अपराधियों के बुलंद हौसले के बारे में नागरिकों का कहना है कि इसका मुख्य कारण नशाखोरी तथा जिले में नशीले पदार्थों का अवैध कारोबार है। युवा पीढ़ी में नशा की आदत बढ़ती जा रही है तथा नशा के लिए पैसों की जुगाड़ करने के लिए नशा के आदि युवा अपराध करने से भी नहीं हिचक रहे हैं।

# एरियर्स सहित डीए की मांग, कर्मचारी-अधिकारी संगठन हुआ लामबंद



**मुड़पार/सरसीवां।** एरियर्स सहित डीए की एक सूत्रीय मांग को लेकर कर्मचारी अधिकारी संगठन लामबंद हुए हैं। विधानसभा सत्र के दौरान संयुक्त मोर्चा मोदी की गारंटी को पूरा कराने मुख्यमंत्री, वित्त मंत्री से मिलकर मांग रखेगा।

■ मोदी की गारंटी को पूरा कराने मुख्यमंत्री, वित्त मंत्री से मिलकर संयुक्त मोर्चा रखेगा अपनी मांग

छत्तीसगढ़ कर्मचारी अधिकारी संयुक्त मोर्चा की 16 जुलाई को इंद्रावती भवन नया रायपुर में आयोजित बैठक में प्रदेश भर से दो दर्जन से अधिक कर्मचारी अधिकारी एवं शिक्षक संगठनों के प्रतिनिधियों ने चुनाव के दौरान राज्य के कर्मचारियों एवं पेंशनरों को केंद्र के समान देय तिथि से डीए एवं पिछले डीए की एरियर्स राशि को जीपीएफ खाते में समायोजन करने की सरकार द्वारा दी गई "मोदी की गारंटी" को पूरा कराने के लिए प्रदेश के समस्त संगठनों से कर्मचारी अधिकारी संयुक्त मोर्चा के बैनर तले संघर्ष करने का आव्हान किया गया है। छत्तीसगढ़ कर्मचारी अधिकारी महासंघ के प्रांतीय संयोजक अनिल शुक्ला एवं मंत्रालयीन कर्मचारी संघ के अध्यक्ष महेंद्र सिंह राजपूत द्वारा आयोजित की गई संयुक्त मोर्चा की बैठक में विभिन्न संगठनों के उपस्थित प्रांताध्यक्ष एवं प्रतिनिधियों ने कहा कि पिछले 7 माह से प्रायः सभी कर्मचारी संगठनों ने छत्तीसगढ़ शासन के मुख्यमंत्री, वित्त मंत्री सहित

▶▶ शेष पेज 11 पर

# किसानों को अच्छी बारिश का इंतजार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ खरोरा





ग्रामीण अंचलों में इन दिनों खेती किसानी का काम जोर शोर से चल रहा है, लेकिन किसान पर्याप्त बारिश नहीं होने व खंड वर्षा से परेशान है। ग्राम भरुवाडीह कला के कृषक बलराम वर्मा ने बताया कि पानी कभी किसी गांव में तो कभी किसी गांव में गिर रहा है, लेकिन जितना पानी गिरना चाहिए, उस हिसाब से नहीं गिर रहा है। कृषक धीरेंद्र वर्मा ने कहा कि बियासी तथा रोपा लगाने के लिए खेतों में पर्याप्त पानी की आवश्यकता होती ह, इसके अलावा जल संसाधन बारिश के द्वारा वनस्पतियों, मनुष्यों और जानवरों को पानी की आपूर्ति मिलती है, जो जीवन के लिए अनिवार्य है। इससे भूमि के जल संसाधन की स्थिति सुधरती है और पेयजल की आपूर्ति में सुधार होता है। फसलों के उत्पादन बारिश विभिन्न प्रकार की फसलों के लिए एक महत्वपूर्ण आवश्यकता है। फिलहाल हम किसान वर्षा के इंतजार में खेती किसानी की अन्य तैयारी में लगे हुए हैं।

■ खंड वर्षा से चिंतित है किसान, रूका है बियासी और रोपा का काम

# ढाबे में शराब की अवैध बिक्री एक को किया गिरफ्तार



**सिमगा।** थाना क्षेत्र अंतर्गत अवैध रूप से शराब बिक्री करने वाले शराब कोचियों की धरपकड़ जारी है। इसी क्रम में बुधवार को थाना सिमगा पुलिस टीम ने न्यू साहू ढाबा ग्राम किरवई में दबिश देकर अवैध रूप से शराब बिक्री करने वाले एक शराब कोचिया छम्मन 25 वर्ष निवासी ग्राम चंदियापथरा को पकड़ा। आरोपी से 4550 कीमत मूल्य का कुल 35 पौवा अंग्रेजी गोवा स्पेशल व्हीस्की शराब जब्त कर धारा 34 (2) आबकारी एक्ट के तहत गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया, जहां से उसे जेल भेज दिया गया है।

# सार्वजनिक स्थानों पर शराब पीने और पिलाने वालों पर गिरी गाज

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिमगा



पुलिस द्वारा अवैध गतिविधियों में लिप्त आरोपियों शांति भंग करने वाले असामाजिक तत्वों एवं जुआ, सट्टा का संचालन करने वाले तथा अवैध रूप से शराब बिक्री करने वाले आरोपियों की धरपकड़ लगातार जारी है। इसी क्रम में सिमगा थाना प्रभारी योगिता बाली खापर्डे के नेतृत्व में पुलिस टीम द्वारा 16 जुलाई को क्षेत्र अंतर्गत शराब भट्टी के पास अवैध रूप से चखना सेंटर का संचालन करने वाले, सड़क मार्ग के किनारे स्थित होटल, ढाबा, ठेला आदि में पीने, बैठने की सुविधा उपलब्ध कराकर अवैध रूप से शराब पिलाने वाले 12 आरोपियों के विरुद्ध कार्रवाई की गई, जो अपने होटल, ढाबा, ठेला में अवैध रूप से लोगों को सुविधा उपलब्ध कराकर शराब पिलाते हुए तथा अवैध रूप से चखना सेंटर चला रहे थे को रंगे हाथों पकड़ा गया। इनमें राजकुमार 34 साल निवासी ग्राम हरिनभट्ठा, अंजोरी 42 साल

▶▶ शेष पेज 11 पर

■ पुलिस ने 12 होटल, ढाबा संचालकों के खिलाफ की कार्रवाई

## विशेष अभियान चलाकर प्रेशर हार्न उपयोग कर तेज गति से वाहन चलाने वालों पर की सख्त कार्रवाई

# यातायात नियमों की अवहेलना पर 48 वाहन चालकों से वसूला 16,400 रुपए का समन शुल्क

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बलौदाबाजार



नगर में यातायात नियमों की अवहेलना करने वाले वाहन चालकों के विरुद्ध लगातार सख्ती से कार्रवाई जारी है। इस तारतम्य में मंगलवार को यातायात पुलिस द्वारा दोपहिया वाहनों में प्रेशर हार्न का उपयोग कर तेज गति से वाहन चलाने वाले सहित यातायात नियमों का पालन नहीं करने वाले वाहन चालकों के विरुद्ध कार्रवाई करने के लिए सघन चेकिंग अभियान चलाया गया।

चेकिंग अभियान के दौरान विशेष रूप से प्रेशर हॉर्न का उपयोग कर तेज गति से वाहन चलाने वाले चालकों सहित सहित यातायात नियमों की अवहेलना करने वाले वाहन चालकों के विरुद्ध कार्रवाई करते हुए कुल 48 वाहन चालकों से 16,400, बिना हेलमेट धारण किये वाहन चलाने वाले 8 वाहन चालकों के विरुद्ध कार्रवाई कर 4 हजार रूपए, दोपहिया वाहन में तीन सवारी चलने के मामले में 12 वाहन चालकों से 3600 रुपए, नो-पार्किंग में वाहन खड़ा करने वाले 4 वाहन चालकों के विरुद्ध 1300 रुपए, प्रेशर हॉर्न का उपयोग करते हुए तेज गति से वाहन चलाने वाले 21 वाहन चालकों के विरुद्ध कार्रवाई कर 6300 रुपए समन शुल्क वसूल किया गया है। जिला पुलिस ने यातायात नियमों के प्रति जागरूकता एवं यातायात नियमों के पालन के लिए सख्ती से कार्रवाई की जा रही हैं। पुलिस आम नागरिकों से अपील करती हैं कि वे यातायात के नियमों का पालन करें। पुलिस आपकी सेवा एवं सुरक्षा हेतु सदैव तत्पर हैं।

## अज्ञात वाहन ने आठ मवेशियों को रौंदा, मौत



**गिधौरी।** गिधौरी से बिलाईगढ़ भटगांव मुख्य मार्ग ग्राम कुम्हारी में मंगलवार की रात अज्ञात वाहन ने सड़क किनारे बैठे आठ मवेशियों को रौंद दिया। मौके पर आठ मवेशियों की मौत हो गई और एक मवेशी गंभीर रुप से घायल होकर तड़प रहा था। बरसात लगते ही मवेशियों का झुंड सड़क पर आ जाते हैं और मोटर दुर्घटना का शिकार होकर अनेक मवेशियों की जान चली जाती है। सुबह ग्रामीणों को घटना की जानकारी मिलते ही मौके पर पहुंचे और मृत मवेशियों को ट्रैक्टर में भरकर अनियत्र ले जाकर दफन किया गया।




हरिभूमि
## पाठक सूचना
बलौदाबाजार-भाटापारा जिले में हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें
8224035555, 8370049468

## खबर संक्षेप

### 18 को होने वाला जनदर्शन स्थगित



**रायपुर।** मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय का हर सप्ताह गुरुवार को होने वाला जनदर्शन अपरिहार्य कारणों से स्थगित कर दिया गया है। यह जन दर्शन 18 जुलाई गुरुवार को होने वाला था। बताया गया है कि श्री साय 18 तारीख को दिल्ली के दौरे पर रहेंगे।

### पीएससी की सीबीआई जांच पोलिटिकल प्रोपोगंडा

**रायपुर।** प्रदेश कांग्रेस संचार विभाग के अध्यक्ष सुशील आनंद शुक्ला ने कहा, पीएससी मामले की सीबीआई जांच भाजपा का पोलिटिकल प्रोपोगंडा है। पीएससी की तथाकथित गड़बड़ियां विधानसभा चुनाव के समय तत्कालीन कांग्रेस सरकार की छवि खराब करने भाजपा ने गलत आरोप लगाया था। विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह का भी बयान आया है कि सीबीआई जांच से युवाओं की शंका दूर होगी अर्थात भाजपा के वरिष्ठ नेता भी पीएससी का गड़बड़ी के आरोपों को शंका मात्र ही मानते हैं। सीबीआई जांच में भी कुछ हासिल नहीं होने वाला। इस जांच से भाजपा के झूठे आरोपों की पोल खुलेगी और सच्चाई सामने आयेगी। उन्होंने कहा, राज्य लोकसेवा आयोग में कथित गड़बड़ी के आरोप भाजपा ने साजिश के तहत लगाया था। अमूमन किसी भी परीक्षा में गड़बड़ियों के यह आरोप लगते हैं।

### छत्तीसगढ़ी ओलिंपिक बंद करने का निर्णय गलत

**रायपुर।** प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा, भाजपा सरकार का छत्तीसगढ़ी ओलिंपिक बंद करने का निर्णय गलत है। यह भारतीय जनता पार्टी की छत्तीसगढ़ी खेलों के प्रति दुर्भावना को दर्शाता है। यह छत्तीसगढ़ी अस्मिता से खिलवाड़ है। छत्तीसगढ़िया ओलिंपिक चालू करके पूर्ववर्ती सरकार ने छत्तीसगढ़ के जो पारंपरिक खेल थे, उनको बढ़ावा दिया था। इसका व्यापक पैमाने पर स्वागत हुआ था। हर वर्ग के लोग, बच्चे, युवा, बूढ़े, महिला सभी इसमें भाग लेते थे और इससे न सिर्फ छत्तीसगढ़ी संस्कृति को प्रोत्साहन मिलता था, लोगों को इसके कारण शारीरिक रूप से भी मजबूती मिलती थी।

### छग सराफा एसोसिएशन के शपथ ग्रहण में शामिल होंगे डिप्टी सीएम

**रायपुर।** उप मुख्यमंत्री अरुण साव 17 जुलाई को दोपहर 12 बजे पं. दीनदयाल उपाध्याय ऑडिटोरियम में छत्तीसगढ़ सराफा एसोसिएशन के शपथ ग्रहण एवं आशीर्वाद समारोह में शामिल होंगे। कार्यक्रम के बाद वे दोपहर 1 बजे रायपुर से बिलासपुर के लिए रवाना होंगे। वे दोपहर तीन बजे बिलासपुर पहुंचेंगे। शाम छह बजे बिलासपुर से रायपुर के लिए प्रस्थान करेंगे। वे रात आठ बजे वापस रायपुर पहुंचेंगे तथा रात 9.20 बजे रायपुर से नियमित विमान से नई दिल्ली के लिए रवाना होंगे। वे रात 11.20 बजे नई दिल्ली पहुंचेंगे।

### पत्रकारिता विश्वविद्यालय में पौधारोपण अभियान



**रायपुर।** पर्यावरण संरक्षण के प्रति अपनी प्रतिबद्धता को मजबूत करते हुए कुशाभाऊ ठाकरे पत्रकारिता एवं जनसंचार विश्वविद्यालय में वृक्षारोपण अभियान का आयोजन किया गया। इस अभियान का उद्देश्य न केवल परिसर को हरा-भरा रखना है, बल्कि छात्रों, शिक्षकों और समुदाय के बीच पर्यावरण के प्रति जागरूकता बढ़ाना भी है। इसी श्रृंखला में पत्रकारिता विश्वविद्यालय में बादाम सहित विभिन्न फलदार पौधे उनके द्वारा प्रदाय कर रोपित किए गए। अभियान के मुख्य अतिथि वरिष्ठ पत्रकार प्रदीप जैन ने कहा कि, वृक्षारोपण एक प्रेरणादायी पहल है, जो निश्चित रूप से दूसरों को भी प्रेरित करेगी। अपने परिवेश को बचाने के लिए हर संभव प्रयास करने होंगे। विश्वविद्यालय के प्रभारी कुलसचिव डॉ. नरेन्द्र त्रिपाठी ने कहा कि विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. बलदेव भाई शर्मा के मार्गदर्शन में विश्वविद्यालय में वृक्षारोपण अभियान की शुरुआत की है। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के उपकुलसचिव सौरभ शर्मा, जनसंचार विभाग के अध्यक्ष डॉ. राजेंद्र मोहंती, प्राध्यापक पंकज नयन पाण्डेय, डॉ. नीति ताम्रकार सहित शिक्षक और विद्यार्थियों शामिल हुए।

# पीएम सूर्य योजना में पोर्टल की समस्या, वेंडरों का काम भी सुस्त

## 35 सौ आवेदन में सोलर पैनल लगे महज 147 ही

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

सूर्योदय पीएम योजना के तहत अपने घर की छत पर बिजली का उत्पादन करने के लिए प्रदेश के बिजली उपभोक्ता भी रुचि दिखाने लगे हैं, लेकिन एक तरफ जहां पोर्टल की समस्या के कारण आवेदनों को लेकर परेशानी हो रही है, वहीं वेंडर भी तेज गति से काम नहीं कर पा रहे हैं। अब तक योजना में 35 सौ आवेदन आ गए हैं, लेकिन जहां तक उपभोक्ताओं की छतों पर सोलर पैनल लगाने का सवाल है, तो महज 147 घरों पर सोलर पैनल लगे हैं। इस योजना में देशभर के एक करोड़ बिजली उपभोक्ताओं को जोड़ने का लक्ष्य है। छत्तीसगढ़ से इस योजना में करीब 25 हजार उपभोक्ताओं को योजना से जोड़ने की छत्तीसगढ़ राज्य पॉवर कंपनी ने योजना बनाई है। इस योजना में जुड़ने वालों को हर माह 300 यूनिट तक बिजली मुफ्त मिलेगी।

अपने प्रदेश में भी में बिजली की खपत लगातार बढ़ती जा रही है। पिछले साल रिकॉर्डतोड़ खपत के बाद अपने राज्य में इस साल भी गर्मी में खपत छह हजार मेगावाट के पार गई है। आने वाले समय में यह खपत सात हजार मेगावाट तक जा सकती है। मानसून में भी उमस के कारण बिजली ने खपत का रिकॉर्ड पिछले साल तोड़ने का काम किया। आमतौर पर अपने देश में बिजली की जितनी खपत है, उसकी तुलना में उत्पादन उतना नहीं हो पाता है। आने वाले समय में खपत में लगातार इजाफा भी होगा।

### प्रदेश में 25 हजार का लक्ष्य

अपने प्रदेश में 60 लाख से ज्यादा बिजली उपभोक्ता हैं। इसमें से करीब 50 लाख घरेलू उपभोक्ता हैं। इन उपभोक्ताओं में 47 लाख से ज्यादा उपभोक्ता ऐसे हैं जिनकी खपत महज 300 यूनिट की होती है। घरेलू उपभोक्ताओं में से 25 हजार उपभोक्ताओं को इस योजना से जोड़ने की तैयारी है। इस योजना में सबसे ज्यादा सात हजार उपभोक्ता रायपुर, छह हजार उपभोक्ता दुर्ग-भिलाई, छह हजार उपभोक्ता बिलासपुर, कोरबा और रायगढ़ में तीन-तीन हजार उपभोक्ताओं को योजना से जोड़ने का लक्ष्य है।




### केंद्र-राज्य से अनुदान

योजना में केंद्र और राज्य सरकार ने इसके लिए अनुदान भी तय किया है। इसमें केंद्र सरकार से जहां 1 से 2 किलोवाट के लिए 30 से 60 हजार और 3 किलोवॉट या इससे ज्यादा के लिए 78 हजार का अनुदान मिलेगा, वहीं राज्य सरकार से भी 15 से लेकर 45 हजार तक का अनुदान मिलेगा।

## प्रदेशभर से युवा, किसान, महिलाएं और अलग-अलग फील्ड के प्रोफेशनल पहुंचे

# विजन डाक्यूमेंट तैयार करने मिले सैकड़ों सुझाव युवा, कृषक, महिलाएं और प्रबुद्धजन हुए शामिल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने कहा है कि विकसित छत्तीसगढ़ बनाने के लिए विजन डॉक्यूमेंट सभी की भागीदारी से तैयार किया जा रहा है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने 2047 तक भारत को विकसित देश बनाने का संकल्प लिया है, इसे पूरा करने के लिए हम विकसित छत्तीसगढ़ का निर्माण करेंगे। कार्यक्रम में प्रदेश के युवाओं, कृषकों, महिलाओं और प्रबुद्धजनों ने अपने-अपने विचार साझा किए। कार्यक्रम की अध्यक्षता वित्तमंत्री ओपी चौधरी ने की।

मुख्यमंत्री ने मंगलवार को न्यू सर्किट हाउस में छत्तीसगढ़ विजन 2047 तैयार करने के लिए राज्य नीति आयोग द्वारा आयोजित मोर सपना मोर विकसित छत्तीसगढ़ राज्य स्तरीय संवाद कार्यक्रम में कहा, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में पिछले 10 वर्षों में भारत विश्व की पांचवीं बड़ी अर्थव्यवस्था बन गया है। प्रधानमंत्री ने अगले पांच साल में भारत को विश्व की तीसरी बड़ी अर्थव्यवस्था बनाने का आह्वान किया है। इस उद्देश्य को पूरा करने में छत्तीसगढ़ का भी महत्वपूर्ण योगदान होगा। उन्होंने कहा, युवाओं, कृषकों, महिलाओं और प्रबुद्धजनों ने विकसित छत्तीसगढ़ के निर्माण के लिए महत्वपूर्ण विचार साझा किए।



### कृषि में बढ़ानी होगी युवाओं की भागीदारी : ओपी चौधरी

वित्तमंत्री ओपी चौधरी ने कहा, कार्यक्रम में प्राप्त सुझावों का नीति आयोग द्वारा संकलन किया जाएगा। प्रदेश में पर्यटन तथा सर्विस सेक्टर में भी असीम संभावनाएं हैं। वर्तमान में कृषि में रसायनिक खाद के उपयोग से कैंसर रोगियों की संख्या में बढ़ोतरी हो रही है। हमें जैविक खेती को बढ़ावा देना होगा। कृषि में युवाओं की भागीदारी भी बढ़ानी होगी। उन्होंने कहा, प्रोग्रेसिव फॉर्मिंग के लिए किसानों की जमीन को एक साथ करने के लिए विचार करने की जरूरत है।

### प्रदेश में उद्योगों की अपार संभावनाएं

छत्तीसगढ़ विजन डॉक्यूमेंट संवाद कार्यकम में मुख्यमंत्री ने कहा, विकसित भारत, विकसित छत्तीसगढ़ बनाने में सबकी सहभागिता जरूरी है। छत्तीसगढ़ प्राकृतिक संसाधनों से परिपूर्ण है और प्रदेश में उद्योगों की अपार संभावनाएं हैं। एक नवम्बर को नई उद्योग पॉलिसी लाने वाले हैं। उसी दिन को विजन डॉक्यूमेंट भी पेश किया जाएगा। हमारी सरकार हर क्षेत्र में रीफार्म ला रही है और 2047 तक छत्तीसगढ़ को विकसित छत्तीसगढ़ के रूप में खड़ा करेंगे।

### कृषि और अन्य क्षेत्रों में आए ये सुझाव

छत्तीसगढ़ को देश में कृषि एवं प्रसंस्कृत सुपरफूड का पावर हाऊस बनाने आज कृषकों ने कृषि और खाद्य प्रसंस्करण, बागवानी फसलों, कृषि के क्षेत्र में बुनियादी ढांचे में सुधार सहित अनेक मुद्दों पर अपना सुझाव दिए। परिचर्चा में स्वास्थ्य छत्तीसगढ़, सुखी छत्तीसगढ़, सुस्थायित्व (स्टेनेबिलिटी) स्थायी समुदाय सतत उत्पादन और उपभोग, कृषि सुपर फूड्स शक्ति, सेहत प्राकृतिक औषधालय, सेवा क्षेत्र आईटी का नया गढ़, लॉजिस्टिक्स जुड़ता छत्तीसगढ़, बढ़ता छत्तीसगढ़ पर विस्तृत चर्चा की गई। इसी प्रकार शिक्षा फ्यूचर रेडी, प्रतिभाशाली छत्तीसगढ़, संस्कृति कला और संस्कृति की नई पहचान, विनिर्माण उद्योग की नई परिभाषा, वन्य उत्पाद स्थानीय उत्पाद, वैश्विक पहचान, पर्यटन प्रकृति से संस्कृति तक, गवर्नेंस सरल, सुरक्षित छत्तीसगढ़ विषय पर चर्चा की गई। प्रबुद्धजनों ने सुझाव दिया कि छत्तीसगढ़ के जनजाति समाज की सभ्यता एवं संस्कृति को संरक्षित करते हुए विकास किया जाए।

### 200 प्रतिभागी हुए शामिल

संवाद कार्यक्रम में लगभग 200 प्रतिभागी शामिल हुए। कार्यक्रम में काष्ठ शिल्पकार एवं पद्मश्री से सम्मानित अजय मण्डावी एवं पद्मश्री जागेश्वर यादव, कोण्डागांव से आयी महिला कृषक उदेश्वरी, शुभम दीक्षित, सिमरन, अंकित जैन, शताब्दी पाण्डेय, सुधा वर्मा सहित अनेक लोगों ने सुझाव दिया। इस मौके पर मुख्यमंत्री के सलाहकार धीरेन्द्र तिवारी, राज्य नीति आयोग के सदस्य के. सुब्रमण्यम, सचिव अनूप श्रीवास्तव, मुख्यमंत्री के सचिव राहुल भगत भी उपस्थित थे।

# राज्य और जिला उपभोक्ता फोरम अध्यक्ष-सदस्यों के वेतन भत्तों का नया नियम बना



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

छत्तीसगढ़ में राज्य और जिला उपभोक्ता फोरम के अध्यक्षों और सदस्यों के वेतन-भत्ते का नया नियम राज्य सरकार ने बनाया है। इस संबंध में राजपत्र में अधिसूचना का प्रकाशन किया गया है। बताया गया है कि यह मॉडल नियम 2020 को सम्यक रूप से अंगीकृत करते हुए बनाया गया है।

### जिला आयोग के अध्यक्ष को इतना वेतन

जिला आयोग में अध्यक्ष के रूप में यदि कोई सेवारत न्यायाधीश अध्यक्ष के रूप में नियुक्त होता है, तो वह ऐसे वेतन, भत्ते, एवं अन्य सुविधाओं को प्राप्त करने का अधिकारी होगा जो वह जिला न्यायाधीश के रूप में प्राप्त कर रहा है। परंतु यदि सेवारत जिला न्यायाधीश अध्यक्ष के रूप में नियुक्त होता है और अध्यक्ष के कार्यकाल के दौरान ही वह सेवा निवृत्त हो जाता है, तो उसका वेतन सेवानिवृत्ति के समय प्राप्त अंतिम वेतन के समान होगा। जिसमें पेंशन, भत्ते, और अन्य सुविधाएं घटाकर निर्धारित किए जाने वाला शुद्ध वेतन देय होगा। इसी तरह यदि कोई सेवा निवृत्त जिला न्यायाधीश अध्यक्ष के रूप में नियुक्त होता है तो उसका वेतन सेवानिवृत्ति के समय आहरित अंतिम वेतन के समान होगा। जिसमें पेंशन भत्ते, और अन्य सुविधाएं घटाकर निर्धारित किए जाने वाले शुद्ध वेतन होगा। यदि कोई अधिवक्ता अध्यक्ष के रूप में नियुक्त होता है तो उसका वेतन राज्य सरकार के अतिरिक्त सचिव को को प्राप्त होने वाले वेतन के समान होगा। जिसमें भत्ते और अन्य सुविधाएं घटाकर निर्धारित किए जाने वाला शुद्ध वेतन होगा।

### राज्य आयोग के अध्यक्ष का वेतन कितना

राज्य आयोग का अध्यक्ष सेवारत न्यायाधीश नियुक्त होता है, तो वह उच्च न्यायालय के सेवारत न्यायाधीश को प्राप्त होने वाले वेतन, भत्ते, एवं अन्य सुविधाओं को प्राप्त करने का अधिकारी होगा। इसके साथ ही राज्य आयोग का सेवानिवृत्त न्यायाधीश अध्यक्ष नियुक्त किया जाता है तो उसका वेतन सेवानिवृत्ति के समय आहरित अंतिम वेतन में से पेंशन को घटाकर होगा तथा भत्ते एवं अन्य सुविधाएं वही होंगी, जो सेवारत न्यायाधीश को प्राप्त होती है।

# मैनाडोंगरी पहाड़ी में 250 लीटर कच्ची शराब और 2300 किलोग्राम महुआ लाहन जब्त



**महासमुंद।** अवैध रूप से आसवित हानिकर कच्ची शराब के विनिर्माण, भण्डारण तथा विक्रय के विरुद्ध कार्रवाई में मंगलवार को मुखबिर की सूचना के आधार पर आबकारी वृत्त सरायपाली तथा बसना द्वारा संयुक्त रूप से ग्राम छुईयापाली स्थित मैनाडोंगरी पहाड़ी में दबिश दी गयी।

आबकारी टीम द्वारा मैनाडोंगरी पहाड़ी में तलाशी ली जाने पर 2 चढ़ी भट्ठी, जिसे तोड़ने पर 50 बल्क लीटर कच्ची शराब एवं 2 नग 100 लीटर क्षमता वाली प्लास्टिक ड्रम में 200 लीटर कुल 250 लीटर कच्ची शराब तथा 11 नग 100-100 किलो क्षमता वाली एवं 6 नग 200-200 किलो क्षमता वाली कुल 17 नग प्लास्टिक ड्रम में भरी हुई महुआ लाहन कुल 2300 किलो ग्राम बरामद कर अज्ञात आरोपियों के विरुद्ध धारा 34 (1) (क), (च), 34(2) एवं 59 (क ) आबकारी अधिनियम के तहत प्रकरण पंजीबद्ध कर प्रकरण विवेचना में लिया गया एवं आरोपियों की पता साजी की जा रही है।

इस कार्रवाई में आबकारी उपनिरीक्षक वृत्त सरायपाली दरसराम सोनी एवं आबकारी उपनिरीक्षक वृत्त बसना नितेश बैस के संयुक्त टीम में आरक्षक राजकिशोर पांडे, खिनीराम खुटे, श्री मरकाम, सैनिक लक्ष्मीचरण, कविग्वाल एवं आबकारी स्टाफ उपस्थित रहे।

# महतारी वंदन पर गरमाई राजनीति, भूपेश बोले-महिलाओं को नहीं मिल रही राशि, चौधरी का जवाब- मेरे गांव आकर देख लो

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

छत्तीसगढ़ में राज्य सरकार की महत्वाकांक्षी योजनाओं में से एक महतारी वंदन योजना को लेकर राजनीति गरमाती दिख रही है। इसकी शुरुआत पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के एक ट्विट से हुई जब उन्होंने कहा- महतारी के नाम पर योजना शुरू की, फिर उस योजना में पैसा देने के लिए छत्तीसगढ़ की जनता से बिजली बिल के नाम पर वसूली शुरू की।

जनता से वसूली करने के बाद भी महिलाओं को महतारी वंदन योजना की राशि क्यों नहीं मिल रही है? ये वसूलीबाज सरकार जवाब दे। इसके जवाब में वित्तमंत्री ओपी चौधरी ने पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल को अपने गांव आने का आमंत्रण दिया है। उन्होंने कहा, 70 लाख माता बहनों को हर माह 1000 मिलने पर भूपेश बघेल के पेट में दर्द हो रहा है। उनके गांव में जाकर यदि हाथ खड़े कराएंगे, तो कितनों का हाथ उठेगा, ये भूपेश बघेल खुद जाकर देख सकते हैं।



- सियासी विवाद में कूदे पूर्व मंत्री डहरिया भी
- चौधरी का पलटवार, कांग्रेस ने 500 भी नहीं दिए



### विवाद में कूदे डहरिया

इस मामले को लेकर कांग्रेस नेता और पूर्व मंत्री डॉ. शिवकुमार डहरिया भी कूद पड़े हैं। महतारी वंदन योजना को लेकर उन्होंने भाजपा सरकार पर निशाना साधा है। उन्होंने कहा, जिन लोगों को महतारी वंदन की राशि जारी हो रही थी, उनकी सूची सरकार को जारी करनी चाहिए। डहरिया ने कहा, पहले चुनाव के समय सभी लोगों से फॉर्म भरवाए गए। चुनाव के समय तक बहुत सारे लोगों को राशि दी गई, उसके बाद अब आधे से ज्यादा लोगों का नाम काट दिया गया। गांव-गांव में यह शिकायत आ रही है कि पहले पैसा मिलता था, अब नहीं मिल रहा है।

### कांग्रेस ने 500 रुपए देने का वादा कर नहीं दिया

महतारी वंदन योजना पर गरमाई राजनीति आरोप-प्रत्यारोप के बीच सरकार के वित्तमंत्री ओपी चौधरी ने पूर्ववर्ती कांग्रेस सरकार पर भी हमले किए हैं। उन्होंने कहा कि कांग्रेस की सरकार बनने से पहले मैनिफेस्टो में महिलाओं को 500 हर महीने देने का वादा किया गया, पांच साल तक किसी को पांच रुपए तक नहीं दिए। हमारी सरकार में महिलाओं को 1000 प्रति महीने मिल रहा है। इसी क्रम में उन्होंने पीएससी घोटाले और रोजगार की बात भी जोड़ी। पीएससी घोटाले की जांच पर वित्तमंत्री ने कहा, कांग्रेस राज के दौरान पीएससी में माफिया राज चला, हमारी सरकार की प्राथमिकता है कि भर्तियों में गड़बड़ियां समाप्त हो। हमने सीबीआई जांच का वादा किया, जांच की जा रही है।

### संगठन को देंगे मजबूती

*प्रदेश अध्यक्ष दीपक बैज ने पिछली बैठकों के संबंध में कहा था कि संगठन को आने वाले समय में मजबूत बनाने का कार्य किया जाएगा। संगठनात्मक कार्यक्रमों को गति प्रदान करने पर पिछली बैठकों में चर्चा की गयी। निचले स्तर के कार्यकर्ताओं को आगे बढ़ाने जिम्मेदारी दी जाएगी। पीसीसी अध्यक्ष को बड़े नेताओं ने इसके लिए अधिकृत कर संगठन को मजबूती देने पर कार्य करने कहा है। नगरीय निकाय और पंचायत चुनाव से पहले प्रदेश कांग्रेस के जिला बाडी में बदलाव को मूर्त रूप दिया जाएगा।*

## पार्टी संगठन में निचले स्तर पर होगा बदलाव

# पीसीसी अध्यक्ष बैज के नेतृत्व में लड़ा जाएगा नगरीय निकाय चुनाव

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज के नेतृत्व में राज्य में होने वाले नगरीय निकाय चुनाव की तैयारी शुरू हो गई है। हाल ही में हुई कार्यकारिणी की बैठक में संगठन में निचले स्तर पर बदलाव कर उसे मजबूती प्रदान करने रणनीति तैयार की गई है। संगठन में उन सभी जिला अध्यक्षों के कार्यों का आकलन करने के बाद नई टीम तैयार कर निकाय चुनाव में ताकत झोंकी जाएगी। पिछले सप्ताह हुई बैठक में कांग्रेस पदाधिकारियों और जिला अध्यक्षों से मिले सुझावों के आधार पर काम शुरू हो गया है।

प्रदेश कांग्रेस कमेटी में संगठन को मजबूती प्रदान करने के संबंध में लगातार



समीक्षा की जा रही है। एआईसीसी ने इसी आधार यह जानने का प्रयास किया कि संगठन से कहां चुक हुई कि चुनाव में हार का समाना करना पड़ा। उसके आधार पर सभी लोकसभा क्षेत्रों के पदाधिकारियों से चर्चा के बाद संगठन का पुनर्गठन कर आगे की रणनीति तैयार करने प्रदेश बाड़ी को कहा गया। इसी आधार पर संगठन ने पिछले 9 और 10 जुलाई को कार्यसमिति और अन्य पदाधिकारियों की बैठक कर रणनीति बनाई।

प्रदेश अध्यक्ष को संगठन में बदलाव के संबंध में अधिकृत किया गया है। बताया गया है कि उसके आधार जिला और ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के निष्क्रिय पदाधिकारियों को हटाकर नए लोगों को मौका दिया जाएगा। रणनीति में यह भी कहा गया कि प्रदेश स्तर पर रिक्त पदों को भरा जाए। निकाय चुनाव से पहले इसे पूरा कर सभी निकायों में कांग्रेस स्थानीय लोगों को चुनाव में उतारेगी।

### संगठन को मजबूती देने कड़ा रुख अपनाएगी

विधानसभा और लोकसभा चुनाव में मिली हार के बाद अब पार्टी का पूरा ध्यान आगे की रणनीति पर केंद्रित हो गया है। प्रदेश अध्यक्ष दीपक बैज का एक साल का कार्यकाल पूरा हो गया है। उनके कार्यकाल में पार्टी को अपेक्षित सफलता नहीं मिली। मामले में सत्ता और संगठन के बीच समन्वय में कमी और अंतर्कलह को जिम्मेदार माना गया। चुनाव में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने पूरी ताकत लगाई, लेकिन परिणाम विपरीत रहा। संगठन को मजबूत कर ऐसे मामलों को ठीक करने पार्टी अब कड़ा रुख अपनाएगी।

# रायपुर ग्रामीण-उत्तर के मतदाताओं का अभिनंदन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

रायपुर लोकसभा की विधानसभाओं के मतदाता अभिनंदन समारोह के तहत मंगलवार को रायपुर ग्रामीण और रायपुर उत्तर विधानसभा के मतदाताओं और कार्यकर्ताओं का अभिनंदन कार्यक्रम किया गया। कार्यक्रम में रायपुर के सांसद बृजमोहन अग्रवाल ने रायपुर ग्रामीण विधानसभा के विकास के लिए एक करोड़ देने की घोषणा की।

रायपुर ग्रामीण के कार्यक्रम में को श्री अग्रवाल ने कहा, ग्रामीण क्षेत्र के कार्यकर्ताओं ने लोकसभा चुनाव में जानदार, शानदार और दमदार प्रदर्शन किया। लोकसभा चुनाव में सबसे ज्यादा वोट देकर, रायपुर को देश के शीर्ष 10 लोकसभा क्षेत्र में शामिल करने में रायपुर ग्रामीण क्षेत्र के कार्यकर्ताओं और मतदाताओं का अतुलनीय योगदान रहा है। इसके कारण अकेले रायपुर ग्रामीण क्षेत्र में एक लाख 7 हजार से ज्यादा मतों का अंतर रहा। श्री अग्रवाल ने कार्यकर्ताओं से इस जोश को बरकरार रखने के लिए कहा और आने वाले नगरीय निकाय और पंचायत चुनाव में भी भाजपा का शानदार प्रदर्शन दोहराने की बात कही। श्री अग्रवाल ने कहा, अब उनके सांसद बन जाने पर क्षेत्र का अधिक तेजी से विकास होगा जिसके लिए उन्होंने सांसद निधि से एक करोड रुपए देने की घोषणा भी की।

## खबर संक्षेप

### गुरु पूर्णिमा पर सत्संग 21 को

**महासमुंद**। स्थानीय शास्त्री चौक स्थित अंजोरी निवास में गुरु पूर्णिमा पर 21 जुलाई को सुबह 10 बजे से दोपहर 2 बजे तक सत्संग का आयोजन किया गया है। जिसमें मुख्य वक्ता के रूप में सुनारदेवरी कबीर आश्रम बलौदाबाजार से कबीर साध्वी चंद्रकला साहेब अपनी साध्वी मंडली के साथ पहुंच रही है। उक्त जानकारी देते हुए मुकुंद साहू ने सभी सत्संग प्रेमियों से प्रवचन लाभ लेने की अपील की है।

### सराईपतेरा में हुआ पौधरोपण कार्यक्रम

**बसना**। सराईपतेरा में एक आदमी एक वृक्ष सुनहरा हो भविष्य तथा एक पेड़ मां के नाम पर पौधारोपण का कार्य हुआ। योगेश बढ़ाई के मार्गदर्शन एवं धीरेंद्र भोई के सहयोग से पौधरोपण किया गया। लोगों को पौधरोपण के लाभ के बारे में बताया गया। प्रति वर्ष पौधरोपण करने एवं अन्य लोगों को प्रेरित करने के लिए रूपकुमारी चौधरी सांसद महासमुंद द्वारा कहा गया।

## पेज 9 के शेष

### 117 दिनों के लिए...

रात 9.02 बजे तक रही। व्रत का पारण 18 जुलाई को किया जाएगा। बताया जाता है कि देवशयनी एकादशी पर भगवान विष्णु एवं देवी लक्ष्मी के पूजन के कई उत्तम मुहुर्त बना रहे हैं पहले शुभ मुहूर्त सुबह 5.33 से सुबह 7.17 बजे तक रहेगा। इसके बाद सुबह 9 बजे तक शुभ मुहुर्त है। सुबह 10.43 से दोपहर 12.26 तक मुहूर्त है वहीं शाम को पूजन का उत्तम मुहूर्त 5.36 से 7.19 बजे तक है। व्रत पारण के बाद किया अन्न दान देवशयनी एकादशी व्रत का पारण करने के बाद अन्न, मिठाई, फल और वस्त्र का दान करें। धार्मिक मान्यता है कि ऐसा करने से साधक को जीवन में कभी भी अन्न और धन की कमी का सामना नहीं करना पड़ता है। एकादशी के मौके पर भगवान विष्णु का लक्ष्मी नारायण मंदिर में बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंचे और पूजा अर्चन तथा दर्शन लाभ प्राप्त किए।

### एरियर्स सहित डीए...

प्रमुख जन प्रतिनिधियों से संपर्क कर केंद्र के समान डीए देने की मांग की है। उसके बावजूद राज्य के कर्मचारियों एवं पेंशनरों को केंद्रीय कर्मचारियों एवं अन्य राज्य के कर्मचारियों की तुलना में 4 फीसदी कम डीए 1 जनवरी 2024 से मिल रहा है। सरकार द्वारा डीए की घोषणा करने में हो रहे विलंब के कारण पूरे प्रदेश के साढ़े चार लाख कर्मचारी एवं डेढ़ लाख पेंशनरों में आक्रोश है। समस्त वक्ताओं ने कहा कि जिस प्रकार से जुलाई 2023 में प्रदेश के सभी कर्मचारी संगठनों ने संयुक्त मोर्चा के बैनर तले एकजुटता दिखाकर तत्कालीन भूपेश सरकार को एक मुस्त 9 प्रतिशत डीए तथा 9 प्रतिशत एचआरए देने के लिए विवश कर दिया था, उसी एक जुटता के साथ पुनः संघर्ष का शंखनाद किया जाए। सर्व सम्मति से निर्णय लिया गया कि 22 जुलाई से विधान सभा सत्र को देखते हुए संयुक्त मोर्चा का प्रतिनिधि मंडल प्रदेश के मुख्यमंत्री, वित्त मंत्री सहित अन्य जन प्रतिनिधियों से मिलकर अपनी मांग रखेगा। यदि जुलाई माह के अंत तक सरकार ने डीए की घोषणा नहीं की तो आगामी माह अगस्त में प्रदेश व्यापी आंदोलन करने की घोषणा कर दी जाएगी।

### सार्वजनिक स्थानों पर...

निवासी ग्राम हरिनभट्ठा, दुर्गेश 23 साल निवासी ग्राम बनसांकरा, छन्नू 24 साल निवासी टीहूपारा सिमगा, दुर्गेश 24 साल निवासी सोनकर पारा सिमगा, शैलेंद्र 24 साल निवासी औरेठी, अरबाज 24 साल निवासी वार्ड नं 14 आजाद चौक सिमगा, संतकुमार 30 साल निवासी ग्राम झनकपुर, मुन्ना 40 साल निवासी बेला बैजनाव चरौटा रीवा मध्यप्रदेश हाल वार्ड 10 नयापारा सिमगा, सुर्व राम 23 साल निवासी रगला जशपुर हाल निवासी ग्राम कामता, राजेश कुमार 24 साल साकिन चांदचल गंगटी गिड्डा झारखंड हाल ग्राम कामता, अजय 24 साल साकिन रजला जशपुर हाल मुकाय ग्राम कामता शामिल हैं। सभी आरोपियों के विरुद्ध आबकारी एक्ट के विभिन्न धाराओं के तहत कार्रवाई की गई है।

# शाकाहारी खाद्यान्न में होते हैं प्रोटीन की भरपूर मात्रा

**वेजिटेरियन्स के लिए 5 हाई प्रोटीन फूड है बड़ा ऑप्शन्स**

हरिभूमि न्यूज ⏭ बलौदाबाजार

शाकाहारियों के मन में में अक्सर यह सवाल रहता है कि क्या वाकई इस तरह की डाइट से शरीर को उसकी जरूरत के हिसाब का प्रोटीन मिल पाता है। अगर आप भी कुछ ऐसा ही सोचते हैं, तो बता दें, कि यह बिल्कुल संभव है। विशेषज्ञ बताते हैं कि अगर सही तरीके से वेजिटेरियन फूड्स का सेवन किया जाए, तो अंडे–मुर्गी के सेवन से भी ज्यादा प्रोटीन हासिल किया जा सकता है। वेजिटेरियन्स के लिए 5 ऐसे ही हाई प्रोटीन फूड ऑप्शन्स है।

मूंगफली का सेवन करने से भी शरीर को प्रोटीन की अच्छी मात्रा मिलती है। आधा कप मूंगफली में करीब 20.5 ग्राम प्रोटीन होता है। इसके अलावा यह



आयरन, कैल्शियम, फाइबर, पोटेशियम, फास्फोरस और मैंगनीज जैसे पोषक तत्वों से भी भरपूर होता है, जिससे हार्ट हेल्थ भी दुरुस्त होता है। सोयाबीन– प्रोटीन के मामले भी सोयाबीन भी किसी से पीछे नहीं है। वीगन डाइट वालों के लिए तो ये शानदार ऑप्शन है। प्लांट बेस्ड प्रोटीन के सबसे अच्छे सोर्स में से एक इन 100 ग्राम सोया चंक्स में करीब 36 ग्राम प्रोटीन पाया जाता है। अंडा न खाने वाले लोगों के लिए यह बेस्ट प्रोटीन सोर्स है। डेयरी प्रोडक्ट्स– वेजिटेरियन लोगों को अपनी डाइट में डेयरी प्रोडक्ट्स को जरूर शामिल करना चाहिए। दूध, पनीर, दही आदि प्रोटीन के बेस्ट सोर्स होते हैं, जो शरीर में प्रोटीन की कमी नहीं होने देते हैं। दाल–भारतीय खान पान में दाल का इस्तेमाल खूब किया जाता है। एक कटोरी में 12 ग्राम तक प्रोटीन होता है। साथ ही इसके सेवन से शरीर को कई अन्य पोषक तत्व भी मिलते हैं। इसमें मौजूद गुड़ बैक्टीरिया आपकी गट हेल्थ को भी दुरुस्त रखते हैं।

**समस्या : फूल गोभी 100 पार तो टमाटर हुआ 80 रुपए किलो**

# बाढ़ के कारण अन्य प्रांतों से सब्जियों की आवक घटी, रेट में हुआ इजाफा

हरिभूमि न्यूज ⏭ बलौदाबाजार

घरों में भोजन की थाली का जायका अब बेस्वाद हो रहा है। महंगाई के स्पीडोमीटर की सुई अब सब्जियों के रेट पर आकर ठहर गई है। मंडी में साग सब्जियों के दाम बढ़ गये हैं। आम लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। सब्जी व्यवसायियों के अनुसार यदि मानसुन इसी तरह रूठा रहा तो कीमतों में बढ़ोत्तरी से लोग कई सब्जियां खाने के लिए तरस जाएंगे।

शहर में पिछले पखवाड़ेभर के दौरान सब्जियों के भाव आसमान छूने लगे हैं। अधिकतर सब्जियों के दाम में डेढ़ गुना इजाफा हो गया है। रेट बढ़ने की वजह बाहर से कम सब्जियों की आवक के साथ लोकल बाड़ियो में भी उपज कम होने तथा दूसरे राज्यों में बाढ़ की वजह से ट्रांसपोर्टिंग की समस्या है। बलौदाबाजार, भाटापारा, कसडोल, सिमगा, लवन इत्यादि के बाजारों में सभी सब्जियों की कीमतों में भारी उछाल है। नुक्कड़ तथा ठेलों से इन्हें खरदीने में आम लोगों का पसीना छूट रहा है। बात चाहे करेला, बरबट्टी और भिंडी की हो या फिर टमाटर, परवल और टिंडा की हो, सभी



के रेट में आग लगी हुई है। पखवाड़ेभर पूर्व दस, बीस रुपए बिकने वाला टमाटर अब अस्सी से सौ रूपए और 20 रूपए बिकने वाला लौकी अब चालीस रूपए हो चुकी है। शिमला मिर्च 80 से 100 रूपए किलो में मिल रही है। इसी रेंज में अन्य सभी सब्जियों के भी रेट तेजी से बढ़े है। सब्जियों को भाव ताव पर सबसे ज्यादा असर मानसून का पड़ा है। महाराष्ट्र, आंध्रप्रदेश, तेलंगाना आदि राज्यों में नदी नालों में बाढ़ के कारण ट्रांसपोट्रिंग की समस्या से सब्जियों की आवक कम हो रही है। इसी तरह लोकल बाड़ियों से भी बारिश कम होने से सब्जियों की किल्लत पैदा हुई है।

बारिश अच्छी होती तो अब तक सीजनल सब्जिया बाजार में आ चुकी होती और रेट कम होते। इसी तरह महीनेभर से वर्षा कम होने से बोई गई सब्जियां सूख रही है। सब्जी व्यवसायी पप्पु पटेल ने बताया कि लोकल बाड़ियों से वर्तमान में जो सब्जिया आ रही है, यह गर्मी की फसल है। मानसून ठीक होता तो बारिश की फसल आने को होती। यदि पानी ठीक से नहीं गिरा आगे तो मुश्किल होगी।

**कम हुआ सब्जी खाना**

सब्जियों के रेट बढ़ने से आम लोगों पर असर पड़ा है। सबसे दयनीय स्थिति गरीबों की है। मिडिल क्लास की भी मुश्किलें बढ़ी है। पहले लोग दाल, रोटी खाओ प्रभु के गुण गाओ की तरह दाल से ही काम चला रहे थे, लेकिन गरीबों की दाल भी पौने दो सौ से दो सौ रूपए किलो होने से थाली से दाल गायब होने या पतली दाल के बाद अब वे सब्जी खाने के लिए तरस रहे हैं।

**बाजार भाव**

| सब्जी | प्रति किलो रू.में |
|---|---|
| टमाटर | 80 |
| बरबटी | 80 |
| पालक | 80 |
| लाल भाजी | 50 |
| शिमला मिर्च | 100 |
| मुनगा | 160 |
| धनिया पत्ति | 200 |
| मिर्ची | 100 |

# सद्गुरु धाम आश्रम गौरखेड़ा में मनाया गया पूर्णिमा पर्व

हरिभूमि न्यूज ⏭ खरोरा



सदविप्र समाज सेवा छत्तीसगढ़ के सद्गुरु धाम आश्रम गौरखेड़ा में पूर्णिमा पर्व मनाया गया। इसमें सदगुरु स्वामी कृष्णानंद महाराज ने बताया कि यह पर्व पूरे विश्व में भारत की देन है, परंपरा है गुरु जब आपके अंदर आत्मा रूपी चंद्रमा को पूर्ण रूप से परमात्मा के सामने खड़ा कर देता है। स्वामी ने बताया की यह पर्व आषाढ़ मास में आता है, जब वर्षा से चारों तरफ हरियाली हो जाती है और भारतवर्ष में 70 प्रतिशत किसान है आषाढ़ आते ही उनके चेहरे में भी मुस्कुराहट आ जाती है, इसलिए आषाढ़ की पूर्णिमा को ही गुरु पूर्णिमा मनाई जाती है। सदगुरुदेव ने बताया कि हमें अपने परमात्मा से गुरू गोविन्द से एलाइनमेंट और ट्युनिंग बनाकर रखना चाहिए अर्थात हमें जो भी स्वाध्याय दिया गया है। पाठ पूजा, ध्यान दिया गया है उसे नित्य करते रहना चाहिए, जिससे हमारी परमात्मा से ट्यूनिंग बनी रहे और हमारी जिंदगी की गाड़ी आराम से बिना खटपट के चलती रहे। स्वामी जी ने कुम्हार और घड़े के उदाहरण से बताया की आज के दिन जो भी शिष्य अपने पापों को गुरु के चरण में अर्पण कर देता है, वह गुरु की प्रेम रुपी कृपा वर्षा से भरा रहता है और परमात्म की कृपा से उसका आध्यात्मिक, आर्थिक, समाजिक और राजनीतिक विकास निरंतर होता है।

### कराते एसोसिएशन ने सौंपा खेल मंत्री को ज्ञापन

**भाटापारा**। छत्तीसगढ़ कराटे एसोसियशन आफ छत्तीसगढ़ ने सभी खिलाड़ियों को मंत्री द्वारा ट्रेकशूट व छत्तीसगढ़ राज्य के नाम पर ड्रेस का प्रशासन द्वारा सहयोग देने के लिए ज्ञापन सौंपा। इस दौरान रामु जी, लीलेश्वर साहू, संजय बंजारे, मुरली नायक, प्रतीक व अभिषेक मिश्रा उपस्थित थे। इस दौरान मौजूद भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष शिवरतन शर्मा भी उपस्थित कराटे एसोसिएशन द्वारा मंत्री को आयोजन की जानकारी दी गई, जिसमें 16, 17, 18 अगस्त को चंडीगढ़ में होने वाली नेशनल इंडिया ऑफ कराटे चेम्पियनशीप भाग लेने वाले सभी जिले से लगभग 96 बालक बालिकाएं खिलाड़ी एवं टीम कोच मैनेजर की 100 सदस्यी टीम 13 अगस्त को छत्तीसगढ़ से कार्यक्रम में भाग लेने के लिए रवाना होंगे।

# सलिहा, गिरसा और गाताडीह में राजस्व शिविर आज

बलौदाबाजार न्यूज क्रमांक 14

सारंगढ़/बिलाईगढ़। बिलाईगढ़ राजस्व अनुविभाग के तहत सलिहा, गिरसा और गाताडीह में आज राजस्व शिविर का आयोजन किया जाएगा। बिलाईगढ़ तहसील के ग्राम पंचायत सलिहा के शिविर में दयालपुर, मलूहा, सुरगुली, सलीहा, गारडीह, परसापाली और भोगडीह के ग्रामीण और भटगांव तहसील के ग्राम गिरसा के शिविर में ग्राम सोलियाडीह, रोहिना, गिरसा, धोबनीडीह, घोघरी, दुरूग और धनोरा के नागरिक तथा सरसींवा तहसील के गाताडीह के शिविर में ग्राम गाताडीह, अमलीडी, मनपसार, सकरापाली, हरदी, पिपरडीह, अमोदी, सिहारजोर, उर्फ घरजरा, मण्डलपुर के ग्रामीण शामिल होकर अपने राजस्व कार्य करा सकते हैं। नागरिक और किसान राजस्व शिविर में उपस्थित पंचायत सचिव, पटवारी, राजस्व निरीक्षक, तहसीलदार के समक्ष आवेदन प्रस्तुत कर सकते हैं। साथ ही कोटवार शिविर के दिन की सूचना मुनादी के माध्यम से गांवों में देंगे। राजस्व कार्यों जैसे बी–1 नकल, खसरा, फौती नामांतरण, खाता विभाजन, डायवर्सन, सीमांकन, बटांकन, अभिलेख शुद्धता, भूअर्जन, प्राकृतिक आपदा आदि के सभी आवेदन स्वीकार किए जाएंगे। मैदानी कार्य जिसमें संबंधित किसान के खेतों में जाकर नाप–जोख करना होगा उनको छोड़कर अन्य सभी कार्य जैसे खसरा शुद्धिकरण, आय, जाति, निवास, केसीसी फार्म, डिजिटल सिग्नेचर आदि कार्य में पटवारी, राजस्व निरीक्षक, तहसीलदार से संबंधित सभी कार्य शिविर में ही संपन्न होगा।





# शिक्षक ने बच्चों को बांटे कापी, पेन, टाई और बेल्ट

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलाईगढ़

शासकीय प्राथमिक शाला नगरदा विकासखण्ड बिलाईगढ़ में पदस्थ खेमराज साहू सहायक शिक्षक द्वारा स्कूल के सभी बच्चों को कापी, पेन, टाई और बेल्ट वितरण किया गया और सभी को नियमित रूप से शाला आने प्रेरित किया गया। बच्चे कापी, पेन एवं टाई बेल्ट पाकर बहुत खुश हुए। बच्चों के शैक्षिक स्तर को बढ़ावा देने के लिए श्री साहू हमेशा तत्पर रहते हैं। उनके सहयोगात्मक कार्यों की प्रधानपाठक महेंद्र साहू, चन्द्र कुमार यादव, मंजुलता साहू शिक्षिका, उषा कुर्रे शिक्षिका एवं श्यामलाल साहू पूर्व जनपद सदस्य आदि ने सराहना की हैं।

# छात्रा ने जन्मदिन पर किया पौधारोपण

पलारी। नगर के उच्चतर माध्यमिक विद्यालय वटगन में कक्षा 10 वी की छात्रा चंचल वर्मा ने अपने जन्मदिन पर विद्यालय परिसर में नीम का पौधा लगाया। साथ पौधे को संरक्षित करने का संकल्प लिया तथा विद्यार्थियों को कम से कम एक पौधा लगाने के लिए प्रेरित किया। पश्चात मिठाई खिलाकर गुरुजनों से आशीर्वाद लिया। छात्र छात्राओं ने कहा कि हम लोग भी अपने जन्मदिन पर पौधे लगाएंगे।



# हायर सेकंडरी स्कूल में मना अंतर्राष्ट्रीय टेनिस वालीबॉल डे

हरिभूमि न्यूज ⏭ भाटापारा

शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय तरेगा में 15 जुलाई को अंतर्राष्ट्रीय टेनिस वालीबॉल डे मनाया गया। टेनिस वालीबॉल एसोसिएशन ऑफ छत्तीसगढ़ के सचिव शरद पंसारी ने बताया कि यह एक भारतीय खेल है और इस खेल के जनक श्री विकेट्स वांगवाड़ है, जो रिटायर्ड आर्मी ऑफिसर थे और यह खेल भारत के अलावा एशिया के विभिन्न राष्ट्रों में खेला जा रहा है। छत्तीसगढ़ में विगत सात-आठ वर्षों से इस खेल को



खेला जा रहा है और इस खेल में अंचल के खिलाड़ी राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिता में छत्तीसगढ़ का प्रतिनिधित्व करते हुए प्रदेश का नाम इस खेल में भी दर्ज कर रहे हैं। आज के आयोजन में एसोसिएशन के पदाधिकारी महेश शर्मा, निर्मल जांगड़े, उत्तम साहू, सनप्रीत छाबड़ा, सुमन शाहा, दीपक वर्मा, सोन चंद ध्रुव, फिरोज टंडन, आकाश आनंद, मनोज, ओमकुमार, बीरेंद्र, स्वाति, हीना, चित्ररेखा, नेहा, डीकेस्वरी एवं सीनियर - जूनियर खिलाड़ी उपस्थित थे।

**अड़सेना में संकुल स्तरीय शाला प्रवेशोत्सव मना**

# देश, समाज और परिवार की आधार है नारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ खरोरा

विकासखंड तिल्दा के अड़सेना संकुल केन्द्र के प्राथमिक शाला में संकुल स्तरीय शाला प्रवेशोत्सव का भव्य आयोजन किया गया।

रायपुर जिला महिला मोर्चा अध्यक्ष व सदस्य जिला पंचायत सोना वर्मा के मुख्य आतिथ्य, सरपंच ग्राम पंचायत अड़सेना डॉ. तेज राम पाल के संरक्षण एवं अध्यक्षता, जनपद सदस्य झरना वर्मा एडवोकेट, डॉ. सुरेंद्र वर्मा की मौजदूगी में कार्यक्रम संपन्न हुआ। मुख्य अतिथि सोना वर्मा ने मेघावी एवं नवप्रवेशी छात्र–छात्राओं को बधाई देते हुए कहा कि ये नवनिहाल राष्ट्र के भविष्य हैं इन कच्ची मिट्टियों को गढ़ने का कार्य शिक्षक रूपी कुम्हारों का है, प्रयास रहे कि ये भविष्य में न केवल परिवार बल्कि देश के काम आ सकें। उन्होंने बालिका शिक्षा पर विशेष जोर देते हुए कहा कि परिवार, समाज हो या देश बुनियाद तो बेटियां ही हैं, जिनके बिना सृजन संभव नहीं, इन्हें हर क्षेत्र में समानता का अधिकार देते हुए अधिकाधिक उच्च तकनीकी, प्रौद्योगिकी शिक्षा के लिए प्रेरित करें। कार्यक्रम में डॉ. धनेश निषाद, पूर्व सरपंच मंजू तेजपाल, विकासखंड शिक्षा अधिकारी एल के जाहिरे, भाजपा मंडल उपाध्यक्ष डोमार धुरंधर, सरपंच टेकारी अभनपुर सावित्री पाल, सरपंच धनेश कुमार ध्रुव मोहदी, मेनुका महेश साहू गनियारी, प्रदीप मढ़रिया बरौंडा, आर एस एस कृषि विभाग प्रमुख डॉ. योगेश द्विवेदी, सेना से सेवानिवृत्त बलदेव प्रसाद नायक, विधान मंडल







मुख्यमंत्री शिक्षा अलंकरण से सम्मानित सविता चंद्राकर, कबीर पंथ के साध्वियों आदि के विशिष्ट आतिथ्य में संपन्न कार्यक्रम में सर्वप्रथम बैंड बाजे, पटाखों की गूंज के साथ स्कूली बच्चों, संकुल परिवार के शिक्षकों एवं ग्रामवासियों की ओर से आमंत्रित अतिथियों का आत्मीय अभिनंदन किया गया। कार्यक्रम के संयोजक संकुल समन्वयक भोला प्रसाद वर्मा ने स्वागत उद्बोधन दिया। संकुल प्रभारी प्राचार्य अनिला केरकट्टा ने संकुल क्षेत्र के भौगोलिक स्थिति, पदस्थ शिक्षक, अध्ययनरत विद्यार्थियों की संख्या, उपलब्ध सुविधाओं एवं आवश्यकताओं को समाहित कर पूर्ण करने के अनुरोध के साथ लिखित प्रतिवेदन पठन कर अतिथियों को सौंपा।

# पेंशनधारी संघ ने सांसद का किया स्वागत

हरिभूमि न्यूज ⏭ भाटापारा

- संघ ने शिक्षक दिवस में शामिल होने दिया न्योता
- 5 सितंबर शिक्षक दिवस पर सम्मान समारोह के मुख्य अतिथि के लिए निमंत्रण

छत्तीसगढ़ पेंशनधारी कल्याण संघ भाटापारा के पेंशनरों द्वारा अध्यक्ष रघुनाथ प्रसाद पटेल के नेतृत्व में रायपुर लोकसभा के सांसद बृजमोहन अग्रवाल का स्वागत किया गया एवं उन्हें भाटापारा के पूर्व विधायक प्रदेश भाजपा उपाध्यक्ष शिवरतन शर्मा के माध्यम से 5 सितंबर शिक्षक दिवस पर सम्मान समारोह के मुख्य अतिथि के लिए निमंत्रण दिया। पेंशनरों के दल में अध्यक्ष रघुनाथ प्रसाद पटेल के साथ प्रांतिय उपाध्यक्ष दिलीप सिंह बिसेन, सचिव रमेश कुमार वर्मा, सहसचिव परेटन लाल साहू, पूर्व जिला अध्यक्ष आसाराम अनंत जल, गणेश राम वर्मा, मनीराम साहू, कृष्ण कुमार वर्मा, कल्याण सिंह ठाकुर एवं मंसाराम कुंजाम थे। साथ ही पेंशनरों ने मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के नाम से खेल कूद युवा कल्याण एवं राजस्व मंत्री टंकराम वर्मा को पेंशनरों के लिए जनवरी 2024 से लंबित चार प्रतिशत डीए की एरियर सहित राशि शीघ्र घोषणा किए जाने ज्ञापन सौंपा। दोनों विषयों पर पेंशनरों को सांसद एवं मंत्री से पूर्ण आश्वासन प्राप्त हुआ है।

**खबर संक्षेप**

## राहुल बने परिवर्तन संवर्धन परिषद के राष्ट्रीय चेयरमैन



**मुड़पार/सरसीवां।** पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन संवर्धन परिषद के सचिव अविनाश सिंह ने परिषद के सभी राज्यों के चेयरमैन सदस्यों के मतों के आधार पर चुनाव प्रक्रिया संपन्न हुई। इसमें राहुल द्विवेदी को पर्यावरण, वन, जलवायु परिवर्तन संवर्धन परिषद संपूर्ण भारत का चेयरमैन नियुक्त किया गया। इस मौके पर द्विवेदी ने कहा परिषद एक पेड़ मां के नाम अभियान को सभी राज्यों में आगे बढ़ाएगा। जल्द ही पूरे देश में पर्यावरण योद्धा अभियान पोस्टर विमोचन कर अभियान की शुरुआत की जाएगी।

## ब्लॉक कबड्डी संघ के अध्यक्ष बने वीरेंद्र साहू



**भवानीपुर।** जिला कबड्डी संघ अध्यक्ष धीरज वाजपेयी के मार्गदर्शन व निर्वाचन मतदान अधिकारी ओपी जायसवाल रेफरी बोर्ड अध्यक्ष छत्तीसगढ़ की उपस्थिति में भवानीपुर निवासी वीरेंद्र साहू को पुनः ब्लॉक पलारी का अध्यक्ष चुना गया। साहू ने कहा कि हम सब संगठन को एकजुट मिलकर आगे बढ़ाएंगे एवं गांव स्तर पर जो कबड्डी खेलते हैं उनसे संपर्क कर संगठन में उन्हें जोड़ा जाएगा, ताकि संगठन बढ़े हम सब एकजुट मिलकर कबड्डी संघ को आगे बढ़ाएंगे। यदि ब्लाक स्तर पर कहीं कबड्डी प्रतियोगिता एवं कबड्डी का आयोजन रखा जाता है तो मेरे द्वारा उन्हें सहयोग भी दिया जाएगा, जिससे कबड्डी संघ मजबूत हो। स्वास्थ्य के लिए कबड्डी खेलना आवश्यक है, ताकि हम स्वस्थ रहें। कबड्डी खेलने से हमारे शारीरिक क्षमता मजबूत होती है, जिससे हम स्वस्थ रहते हैं। वीरेंद्र साहू ने कहा मुझे जो दायित्व दिया गया है उसे मैं यथा संभव निर्वहन करुंगा, जिससे कबड्डी संघ मजबूत रहे व विस्तार हो सके। हम सब कबड्डी संघ में भाग लेकर संघ को मजबूत करें, ब्लॉक अध्यक्ष नियुक्त होने पर मुकेश झा, धनेशवर साहू, मालिक राम नेताम, फागु राम सेन, सरपंच नारायण प्रसाद साहू, सोनू राम साहू, गजेन्द्र साहू, पप्पू ध्रुव, भरत निषाद, दाऊलाल ध्रुव, किरन रजक, किशन यादव, सुमन साहू, दौलल यादव, शनि ध्रुव, मोती लाल निषाद, दूजराम निषाद ने गुलाल का टीका लगाकर मुंह मीठा कर बधाई दी।

## तालाब में डूबने से ग्रामीण की मौत



**कसडोल।** विकासखंड के ग्राम सेल के बंधवा तालाब में डूबने से 44 वर्षीय फिरूराम पिता गुहा राम कैवर्त्य की मौत हो गई। ग्रामीणों की मदद से शव को बाहर निकाला गया है। घटना की सूचना पर कसडोल पुलिस मौके पर पहुंचकर शव को पोस्टमार्टम के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भेजा गया। जानकारी के अनुसार मृतक फिरू राम अल सुबह शौच और नहाने के लिए घर से निकला हुआ था, इसी दौरान घर से 100 मीटर की दूरी पर स्थित तालाब में पैर फिसलने के कारण गहराई में जाने से पानी में डूब गया और मौत हो गई। इधर परिजन मृतक का आसपास खोजबीन कर रहे थे।

# अर्जुनी में सरकारी भूमि पर अवैध कब्जे की होड़, की एसडीएम से शिकायत

**अवैध कब्जा करने वालों में ग्राम का कोटवार भी शामिल**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कसडोल





विकासखंड के ग्राम अर्जुनी (ब) के सरकारी जमीनों पर अवैध कब्जा करने की होड़ मची है। ग्राम के कुछ लोग इसमें शामिल होकर सरकारी जमीन का चिन्हाकंन कर कब्जा करने में लगे हुये हैं। ग्राम के जयपाल, अलगु, जनक, नाथू, मनहरण, मनसुक, मानबाई पर अवैध निर्माण व कब्जा किये जाने का आरोप लगाकर ग्राम के कमल नारायण, राधेलाल और हरीश ने एसडीएम और तहसीलदार कसडोल से शिकायत की है, जिसमें अवैध कब्जों में ग्राम के कोटवार का नाम भी अंकित है। लोगों का कहना है कि जब ग्राम का कोटवार मनहरण दास ही अवैध कब्जों में शामिल रहेगा तो उस ग्राम की क्या तस्वीर होगी, चिंता का विषय है। शिकायतकर्ताओं ने अधिकारियों को दिये शिकायती पत्र में कहां कि ग्राम अर्जुनी (ब) में उनके नाम पर कुल खसरा नं. 14 कुल रकबा 2.934 हे. भूमि राजस्व रिकार्ड में दर्ज है, जिसके खसरा नं. 11/7 रकबा 0.405 हे. भूमि के सामने घास भूमि पर ग्राम अर्जुनी (ब) जयपाल मकान निर्माण कर व बाड़ी बनाकर कब्जा कर रहा है। अलगु द्वारा हमारे निजी भूमि के सामने पत्थर से घेरा डालकर व जनक और नाथू द्वारा ईंट बनाकर हमारे निजी भूमि के समाने पकाया जा रहा है, और मनसुक दास द्वारा मकान निर्माण करने हेतु नींव डालकर बाउंड्री बनाकर कब्जा कर रहा है जिसमें हमारे निजी भूमि में जाने-जाने का रास्ता बंद हो गया है। जिससे हमारे कृषि कार्य करने में परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। इस संबंध में तहसील कसडोल में हम आवेदकों द्वारा अवैध कब्जा व मकान निर्माण में स्थगन के लिए 28 जून को नायब तहसीलदार के समक्ष आवेदन प्रस्तुत किए, जिसमें अब तक कोई कार्रवाई नहीं होने से मकान निर्माण जारी और अनावेदकगणों का मनोबल और बढ़ गया है। अगर जल्द ही अवैध कब्जा व मकान निर्माण नहीं रोका गया तो हम आवेदकगणों को आर्थिक क्षति का सामना करना पड़ेगा।

**मेरा एरिया नहीं**

अर्जुनी ग्राम नायब तहसीलदार सिन्हा का एरिया है आप उनसे बात कर लीजिए।

**विवेक पटेल,** तहसीलदार, कसडोल

## मतदाता अभिनंदन समारोह में शामिल हुए प्रभारी मंत्री टंकराम और सांसद राधेश्याम राठिया

# किसान सम्मान निधि से कृषकों में आएगी समृद्धि और खुशहाली

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सारंगढ़-बिलाईगढ़



राजस्व, खेल एवं युवा कल्याण तथा जिले के प्रभारी मंत्री टंकराम वर्मा और रायगढ़ सांसद राधेश्याम राठिया बुधवार को जिले के प्रवास पर थे। एक राष्ट्रीय राजनीतिक दल द्वारा आयोजित मतदाता अभिनंदन समारोह में प्रभारी मंत्री वर्मा और सांसद राठिया शामिल हुए। इस अवसर पर कई मतदाताओं को उन्होंने सम्मानित किया। आगमन और कार्यक्रम की शुरूआत में प्रभारी मंत्री का स्वागत, अभिनंदन किया गया। प्रभारी मंत्री ने कहा कि आज का दिन आप सभी मतदाताओं के स्वागत अभिनंदन का दिन है। मैं सभी मतदाताओं का हृदय से स्वागत अभिनंदन करता हूं। पीएम मोदी के नेतृत्व में विकसित भारत 2047 विजन में विकसित भारत और विकसित छत्तीसगढ़ करना है। भारत पुनः विश्व गुरु बनेगा और सोने की चिड़िया कहलाएगा। भारत में कच्चे माल के उत्पादन को बढ़ावा देने के लिए नवीन लक्ष्य रखा गया है। प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि से किसानों को लाभ, धान खरीदी पर किसानों को बोनस, कृषि यंत्रों में सब्सिडी और ड्रोन से खाद का छिड़काव किया जा सकता है। पीएम सूर्य घर योजना से घर–घर बिजली का सोलर लगाइए। अधिक मात्रा में बिजली उत्पन्न होने पर बिजली बेच भी सकते हैं। मंत्री ने अंत में छत्तीसगढ़ी गीत गाया। उल्लेखनीय है कि पीएम सूर्य घर योजना योजना के तहत देश के एक करोड़ घरों के छत में सौर संयंत्र स्थापित करना है। लोगों को 300 यूनिट बिजली निःशुल्क प्रदान किया जाना है। रायगढ़ सांसद राधेश्याम राठिया ने कहा कि सारंगढ़ विधानसभा के सभी मतदाताओं का अभिनंदन किया। उन्होंने कहा आप लोगों के बदौलत मुझे यह जिम्मेदारी मिली है, जिसका निर्वहन मैं पूरी निष्ठा से करुंगा। कार्यक्रम में पूर्व विधायक जवाहर नायक, केराबाई मनहर, कामदा जोल्हे, गणमान्य नागरिकों में सुभाष जालान, ज्योति पटेल, शिवकुमारी चौहान, विलास सारथी, अजय गोपाल, अरविंद हरिप्रिय, मनोज जायसवाल, अजेश अग्रवाल, रामकुमार थूरिया, मयूरेश केशरवानी, नंदिनी वर्मा, अनुपमा केशरवानी सहित बड़ी संख्या में महिला पुरुष मतदाता उपस्थित थे।

# विधानसभा घेराव के लिए कांग्रेस ने बनाई रणनीति



हरिभूमि न्यूज ▶▶| लवन

■ कांग्रेस ने ब्लॉक स्तरीय बैठक में लिया निर्णय

ब्लॉक कांग्रेस कमेटी लवन के अध्यक्ष गुरुदयाल यादव के नेतृत्व में विशेष बैठक ली गई। इसमें प्रदेश कांग्रेस कमेटी द्वारा आयोजित विधानसभा घेराव के संदर्भ में रणनीति तैयार की गई। राज्य में भाजपा सरकार की लचर कानून व्यवस्था, अपहरण, लूट पाट, हत्या तथा विगत दिनों बलौदाबाजार में घटित आगजनी के विरोध में 24 जुलाई को विधानसभा घेराव कार्यक्रम निर्धारित किया गया है, जिसमें लवन ब्लाक से अधिक से अधिक कार्यकर्ताओं की उपस्थिति दर्ज कराने अपील की गई है। उक्त बैठक जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष हितेंद्र ठाकुर एवं कसडोल विधानसभा के प्रभारी आशीष गोयल की उपस्थिति में संपन्न हुई। इसमें विशेष रूप से परमेश्वर यदु सदस्य जिला पंचायत बलौदाबाजार, देवीलाल बार्वे महामंत्री जिला कांग्रेस बलौदाबाजार, सतीश पाण्डेय सचिव जिला कांग्रेस बलौदाबाजार, मृत्युंजय वर्मा कोषाध्यक्ष ब्लॉक कांग्रेस लवन, कमलनारायण प्रजापति उपाध्यक्ष ब्लॉक कांग्रेस लवन, बीरेंद्र बहादुर कुर्रे, सचिव जिला कांग्रेस, कोमल वर्मा जनपद सदस्य बलौदाबाजार, मृत्युंजय पाण्डेय पार्षद नगर पंचायत लवन, प्रवीण टंडन सचिव ब्लॉक कांग्रेस लवन, धनेश्वर साहू, प्रेमलता बंजारे, मनोज बंजारे, अजय बार्वे, मोरध्वज वर्मा, कलीमुल्ला अंसारी, ननकी साहू आदि कांग्रेसजन उपस्थित थे।

# ग्राम बैजनाथ की सड़क कीचड़ से लथपथ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कसडोल



विकासखंड के ग्राम बैजनाथ में बारिश के कारण ग्राम के कई मोहल्लों की सड़क चलने लायक नहीं है। इसक कारण ग्रामीणों को समस्या से दो चार होना पड़ रहा है। ग्राम बैजनाथ के वार्ड 2 से लेकर वार्ड 5 तक गौटिया गली मोहल्ला सहित गुड़ी चौक तक पूरी सड़क कीचड़ में तब्दील हो गई है। इस कारण मोटरसाइकिल से भी निकलना मुश्किल हो गया है। इसके अलावा कई सड़क ऐसी है, जहां पंचायत के प्रतिनिधियों की गैर जिम्मेदारी के कारण खस्ताहाल है। लेकिन पंचायत के जिम्मेदारों को इसकी सुध नहीं है, तभी तो सड़क कीचड़ में तब्दील हो गई है। अभी पूरा मानसून बाकी है, ऐसे में अगर सड़क कीचड़ में तब्दील रहेगा तो निश्चितौर पर ग्रामीणों के लिए आवागमन सहित तमाम घरेलू कार्यों के लिए समस्या जस की तस बनी रहेगी।

# एक पेड़ मां के नाम पर ग्रामीणों ने लगाए पौधा



**भवानीपुर।** एक पेड़ मां के नाम पर प्रधानमंत्री एवं मुख्यमंत्री द्वारा की गई अपील पर प्रदेश में पौधारोपण का कार्य किया जा रहा है। इसी कड़ी में ग्राम पंचायत तेलासी में भी सरपंच, पंच एवं ग्रामीणों द्वारा मुक्तिधाम मार्ग पर पौधारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें विभिन्न प्रकार के फलदार एवं छायादार पौधे लगाए गए। सरपंच रामेश्वर धीवर ने कहा कि पर्यावरण को बचाने के लिए हम सभी को संकल्प लेकर अपनी जिंदगी के पाल को यादगार बनाने के लिए बर्थडे शादी जैसे शुभ कार्य में अपने पूर्वजों के याद को संजोने के लिए हमें अपने जीवन में जितना ज्यादा हो सके पेड़ लगाना चाहिए, ताकि आने वाला कल हमारे बच्चों के लिए बेहतर हो पर्यावरण से ही हमें फल फूल औषधि इत्यादि मिलती है, इसलिए हमें पर्यावरण की सुरक्षा एवं लोगों से अधिक से अधिक पेड़ लगाने के लिए अपील की। इस अवसर पर रोजगार सहायक महेंद्र कोशले, मंडल महामंत्री संडी विजय कोशले, अजा मोर्चा मंडल अध्यक्ष खिलेश्वर घृतलहरे, मुकेश बघेल, गोफे लाल चेलक, फिरोज ढीढीं सहित ग्रामीण बड़ी संख्या में उपस्थित होकर पर्यावरण संरक्षण का संकल्प लिया।

# आग से बचाव एवं रोकथाम के लिए कर्मचारियों को दिया गया प्रशिक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार



नगर में सोमवार को जिला अग्निशमन अधिकारी एस डी विश्वकर्मा के नेतृत्व में फायर स्टेशन अमेरा बलौदाबाजार के फायर कर्मियों द्वारा भाटापारा शहर अंतर्गत ग्राम आलेसुर में स्थित पावर ग्रिड कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड भारत सरकार उद्यम 400/220 के वी उपकेंद्र भाटापारा में आग से बचाव एवं रोकथाम के संबंध में डेमो दिया गया। डेमो के दौरान फायर कर्मियों द्वारा सभी प्रकार के आग के बारे में बताया गया तथा किस प्रकार के आग पर कौन से फायर इंग्स्टींग्यूशर का प्रयोग करना है। इसके बारे में बताया गया। अग्निशमन यंत्र के परिचालन के बारे में विस्तार से बताया गया। साथ ही आपातकालीन स्थिति में कोई घायल हैं, स्ट्रेचर के आभाव में घायल को फायर मेन लिफ्ट कर सुरक्षित स्थान पर कैसे लाया जाए, इस बारे में डेमो दिया गया तथा पावर ग्रिड कंपनी के कर्मचारी जो की ऊंचे विद्युत पोल में चढ़कर कार्य करते हैं, उस दौरान जो सेफ्टी उपकरण का सुरक्षात्मक प्रयोग के बारे में बताया गया। फायर डेमो में फायर स्टेशन अमेरा बलौदाबाजार के फायर स्टेशन इंचार्ज जितेन्द्र कुर्रे, चालक तफसीर खान, हेल्पर कृष्णा यादव व सैनिक छबीलाल यादव तथा पावरग्रिड कंपनी के प्रबंधक पवन कुमार मुख्य, शुभम कुमार उप प्रबंधक, लक्ष्मीदास कनिष्ठ अभियंता, ठाकुर दास मांझी कनिष्ठ अभियंता, राधिका कनिष्ठ अभियंता, रिंकी कनिष्ठ अभियंता, बलदेव देवांगन कनिष्ठ अभियंता मनोज कुमार तकनीशियन, महेंद्र कुमार तकनीशियन, नरेंद्र नेताम तकनीशियन सुरक्षा प्रहरी, इलेट्रिशियन, फिटर, ठेका कर्मी साथी उपस्थित रहें।


आज दशगात्र



भावपूर्ण श्रद्धांजलि

विधि के विधान के आगे नतमस्तक होकर
आपको अत्यंत दुःख के साथ सूचित करना पड़ रहा है कि मेरे पूज्य पति

श्री चोवाराम वर्मा

(केन्द्रीय अध्यक्ष, छ. ग. मनवा कुर्मी क्षत्रीय समाज, समाज सेवी एवं वरिष्ठ कांग्रेसी)
का स्वर्गवास दिनाँक 09.07.2024, मंगलवार को हो गया है।
जिनका दशगात्र दिनाँक 18.07.2024 दिन- गुरूवार को होगा।
अतः सादर अनुरोध है कि इस कार्यक्रम में सपरिवार सम्मिलित होकर पुण्य आत्मा को श्रद्धांजलि प्रदान कर शोकाकुल परिवार को संबल प्रदान करें।

कार्यक्रम स्थल : निवास ग्राम - जरौदा (तरी), जिला - रायपुर (छ.ग.)

तालाब का कार्यक्रम दोपहर 12 बजे तक

शोकाकुल परिवार-
अमन, यशवीर, अविनाश, शिवांश (पौत्र)
Mo. : 9826640005
Mo. : 9826650004
Mo.: 9109935750

विनीत
श्रीमती कुन्ती वर्मा (पत्नी)
रामनारायण वर्मा (भाई)
चंद्रकांत वर्मा (राजू-पुत्र), धीरेन्द्र वर्मा (पप्पू-पुत्र)
धनंजय वर्मा (गोलू-पुत्र), ज्योति वर्मा (पुत्री)

नोट- जिस किसी भी सज्जनों को शोक संदेश नहीं मिला हो, कृपया इसे ही शोक संदेश समझे।
टीप- ग्राम जरौद, रायपुर-बलौदाबाजार मार्ग पर रायपुर से 20 कि.मी. की दूरी पर स्थित है।